# ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर वॉकी टॉकी सहित रेडियो उपकरणों की अवैध सूचीबद्धता और बिक्री की रोकथाम और विनियमन के लिए दिशानिर्देश, 2025

**(27.05.2025)**

**फा.सं. सीसीपीए/9/2025-सीसीपीए (**पंजी**).---** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 (2019 का 35) की धारा 18 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर वॉकी टॉकी सहित रेडियो उपकरणों की अवैध सूचीबद्धता और बिक्री की रोकथाम और विनियमन, 2025 के लिए निम्नलिखित दिशानिर्देश जारी करती है।

## उद्देश्य

इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य राष्ट्रीय दूरसंचार और सुरक्षा विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर वॉकी-टॉकी सहित वायरलेस टेलीग्राफी उपकरणों की अनधिकृत बिक्री, वितरण और उपयोग को रोकना है।

## 1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ . —

क.इन दिशानिर्देशों को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर वॉकी-टॉकी सहित रेडियो उपकरणों की अवैध सूचीबद्धता और बिक्री की रोकथाम और विनियमन के लिए दिशानिर्देश, 2025 कहा जा सकता है।

ख.यह विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर अधिसूचना की तारीख से लागू होगा|

## 2. लागू होना:

ये दिशानिर्देश निम्नलिखित पर लागू होंगे:

क.भारत में और भारत से बाहर संचालित होने वाले सभी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, लेकिन भारत में उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान करते हैं

ख.वॉकी-टॉकी सहित रेडियो उपकरण बेचने वाले विनिर्माता, आयातक, विक्रेता और ऐसे उपकरणों के उपयोग से संबंधित सेवाएं प्रदान करने वाले सेवा प्रदाता।

## 3. परिभाषाएँ

क.“**अधिनियम**”- का तात्पर्य उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 (2019 का 35) से है;

ख.“**रेडियो उपकरण**”- इसे दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत परिभाषित किया जाएगा

ग. "**वॉकी-टॉकीज़**" - पोर्टेबल हैंडहेल्ड टू-वे रेडियो ट्रांसीवर जो गति में या स्थिर रहते हुए ट्रांसमिशन और रिसीविंग में सक्षम हैं।

घ. "**अनधिकृत उपकरण**" - का अर्थ है वॉकी-टॉकी सहित कोई भी रेडियो उपकरण जो: (i) केवल डी-लाइसेंस फ्रीक्वेंसी बैंड में काम करने के लिए अभिप्रेत है, लेकिन वायरलेस प्लानिंग और समन्वय (डब्ल्यूपीसी) विंग से उपकरण प्रकार अनुमोदन (ईटीए) का अभाव है, जैसे वाई-फाई हॉटस्पॉट, ब्लूटूथ डिवाइस, आदि, (ii) ईटीए प्रमाणीकरण के साथ डिवाइस लेकिन जिनकी फ्रीक्वेंसी रेंज या ट्रांसमिशन पावर को प्रमाणन के बाद किसी भी तरह से बदल दिया गया है या छेड़छाड़ की गई है (iii) लाइसेंस प्राप्त फ्रीक्वेंसी बैंड में काम करने में सक्षम है, लेकिन कोई फ्रीक्वेंसी असाइनमेंट प्राप्त किए बिना।

## 4. ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और विक्रेताओं के लिए अनुपालन आवश्यकताएँ

i. **सामान्य:**

(क) कोई भी रेडियो उपकरण ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध या बेचा नहीं जाएगा, ऐसे उपकरण के कब्जे या उपयोग के लिए खरीदार द्वारा दूरसंचार विभाग से फ्रीक्वेंसी असाइनमेंट प्राप्त करना आवश्यक है। ऐसे उपकरण (लाइसेंस प्राप्त उपकरण) केवल दूरसंचार विभाग द्वारा विधिवत अधिकृत डीलर (डीपीए धारक) से खरीदे जाएंगे, जो दूरसंचार विभाग के सरल संचार पोर्टल पर सूचीबद्ध हो।

(ख) ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अपने प्लेटफॉर्म पर मोबाइल सिग्नल बूस्टर और वायरलेस जैमर की सूचीबद्धता या बिक्री की अनुमति नहीं देंगे।

ii. **उत्पाद सूचीबद्धता विनियम:**

क. उत्पाद सूची में फ्रीक्वेंसी रेंज और अन्य तकनीकी पैरामीटर निर्दिष्ट किए जाएंगे और इसमें विनियामक अनुमोदन (उपकरण प्रकार अनुमोदन) का प्रमाण शामिल होगा।

(i) केवल गैर-लाइसेंसीकृत फ्रीक्वेंसी बैंड में काम करने में सक्षम उपकरणों के लिए, जैसे वाई-फाई हॉटस्पॉट, ब्लूटूथ डिवाइस, आदि, उत्पाद सूची में दूरसंचार विभाग द्वारा जारी प्रासंगिक उपकरण प्रकार अनुमोदन (ईटीए) विवरण का उल्लेख किया जाएगा, और खरीदार द्वारा डाउनलोड के लिए ईटीए की एक प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। उत्पाद सूची में उपकरण की प्रचालन फ्रीक्वेंसी रेंज का भी उल्लेख किया जाएगा तथा क्रेता द्वारा डाउनलोड करने के लिए किसी मान्यता प्राप्त परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा जारी उत्पाद की प्रासंगिक परीक्षण रिपोर्ट की एक प्रति भी उपलब्ध कराई जाएगी।

(ii) लाइसेंस प्राप्त फ्रीक्वेंसी बैंड में परिचालन करने में सक्षम लेकिन उपयोगकर्ता द्वारा लिए जाने वाले व्यक्तिगत लाइसेंस की आवश्यकताओं से छूट प्राप्त उपकरणों के लिए, जैसे प्रसारण रिसीवर, आदि, दूरसंचार विभाग या डीजीएफटी द्वारा जारी प्रासंगिक अधिसूचना संख्या और तारीख का उल्लेख उत्पाद के लिए किया जाएगा और उपयोगकर्ता द्वारा सत्यापन के लिए प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

(iii) लाइसेंस वाले और गैर-लाइसेंस वाले, दोनों फ्रीक्वेंसी बैंडों में परिचालन करने में सक्षम उपकरणों के लिए, जैसे मोबाइल हैंडसेट, पॉइंट-ऑफ-सेल डिवाइस आदि को (i) और (ii) में उल्लिखित दोनों आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।

(iv) उपरोक्त (i) और (iii) के मामले में, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म यह सुनिश्चित करेंगे कि लाइसेंस से छूट प्राप्त उपकरण के विक्रेता ने यह प्रमाणित किया है कि उसने यह सुनिश्चित किया है कि उपकरण को ईटीए में अनुमत मापदंडों के अलावा अन्य मापदंडों का उपयोग करके संचालित करने के लिए परिवर्तित नहीं किया गया है।

(v) ऑनलाइन प्लेटफॉर्म यह सुनिश्चित करेंगे कि लाइसेंस से छूट प्राप्त उपकरण का विक्रेता यह प्रमाणित करे कि उसने व्यक्तिगत रूप से सत्यापित कर लिया है कि परीक्षण रिपोर्ट को मान्यता प्राप्त परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा तैयार की गई मूल रिपोर्ट से परिवर्तित नहीं किया गया है।

**ख.** जिन सूचियों में फ्रीक्वेंसी संबंधी जानकारी या आवश्यक प्रमाणीकरण नहीं होगा, उन्हें हटा दिया जाएगा।

iii. **स्वचालित निगरानी सिस्टम:**

क.प्लेटफ़ॉर्म गैर-अनुपालन वाली सूचियों का पता लगाने और उन्हें चिह्नित करने के लिए स्वचालित कीवर्ड और फ्रीक्वेंसी-आधारित स्कैनिंग को लागू करेंगे

iv. **रिपोर्टिंग तंत्र:**

क.जनता को अवैध या संदिग्ध सूचियों की रिपोर्ट करने के लिए उपयोगकर्ता-अनुकूल रिपोर्टिंग तंत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

v. **विक्रेताओं की जिम्मेदारियाँ**

क.उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि बिक्री के लिए सूचीबद्ध उपकरण उन फ्रीक्वेंसियों पर काम न करें जिन्हें दूरसंचार विभाग द्वारा आवृत्ति निर्धारण और प्राधिकरण की आवश्यकता से छूट नहीं दी गई है।

ख.यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उत्पाद विवरण पर फ्रीक्वेंसी बैंड स्पष्ट रूप से लेबल किए गए हों।

ग. देश में वायरलेस संचार उपकरणों/इक्विपमेंट के आयात, कब्जे और वितरण कानूनों का अनुपालन करना होगा।

vi. **ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर जिम्मेदारियाँ**

क.ऑनलाइन प्लेटफॉर्म यह सुनिश्चित करेंगे कि लाइसेंस से छूट प्राप्त उपकरण का विक्रेता यह प्रमाणित करे कि उसने व्यक्तिगत रूप से सत्यापित कर लिया है कि परीक्षण रिपोर्ट को मान्यता प्राप्त परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा तैयार की गई मूल रिपोर्ट से परिवर्तित नहीं किया गया है।

ख.ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म को उपभोक्ता मामले विभाग/दूरसंचार विभाग से निर्देश प्राप्त होने के 24 घंटे के भीतर किसी भी गैर-अनुपालन सूची को हटाना होगा

vii. **प्रवर्तन और दंड**

क. प्लेटफॉर्म या विक्रेताओं द्वारा अनुपालन न करने पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 और अन्य लागू कानूनों के अनुसार परिणाम और दंड लगाया जाएगा।

ख. लगातार उल्लंघन के परिणामस्वरूप विक्रेताओं को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और प्लेटफ़ॉर्म पर देयता लगाई जाएगी।

ग. इससे दूरसंचार विभाग द्वारा लगाए जाने वाले जुर्माने और प्रवर्तन पर रोक नहीं लगेगी।

viii. **नियामक प्राधिकरणों के साथ सहयोग**

क. ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म वास्तविक समय पर कार्रवाई और प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए नियामकों के साथ सहयोग करेंगे।

ख. नियमित लेखापरीक्षा और अनुपालन रिपोर्ट प्राधिकारियों को प्रस्तुत की जाएंगी, जैसा कि लागू कानून द्वारा अपेक्षित हो।

ix. **जन जागरूकता**

क. प्लेटफार्मों को अनधिकृत वॉकी-टॉकी खरीदने के जोखिम और कानूनी निहितार्थों पर नोटिस प्रदर्शित करना होगा।

ख. प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं को फ्रीक्वेंसी अनुपालन के बारे में शिक्षित करके संसूचित उपभोक्ता व्यवहार को बढ़ावा दे सकते हैं।

## X. समीक्षा और संशोधन

क. नियामक प्राधिकरण द्वारा हितधारकों के परामर्श से इन दिशानिर्देशों की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी तथा उभरते जोखिमों और तकनीकी परिवर्तनों से निपटने के लिए आवश्यकतानुसार इनमें संशोधन किया जाएगा।

निधि खरे,
मुख्य आयुक्त